Ludhiana Covid Update
New case - 5
Active case - 20
Home isolation -20



RNI No. PUNBIL/2014/59416

# यूटर्न टाईम

UTURN TIME

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

VOL:01 | ISSUE:104 | SATURDAY, DATE: 29-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME







हेल्दी-न्यूज : सेहत महकमा 'एक्शन-मोड' पर

## लुधियाना में भी जल्द खुलेंगे मोहल्ला क्लीनिक

लुधियाना/यूटर्न/29 अप्रैल। महंगी होती चिकित्सा सुविधा से परेशान लोगों को सूबे की आप सरकार जल्द मोहल्ला क्लीनिक खोलकर राहत पहुंचाएगी। हर विधानसभा क्षेत्र में ऐसे क्लीनिक खोलने के लिए सभी सिविल सर्जनों को लिखित तौर पर जरुरी हिदायतें दी गई हैं। जिसके तहत हर विधानसभा क्षेत्र में क्लीनिक के लिए जमीन चुनकर एक मई तक इसकी लिस्ट राज्य के सेहतमंत्री डॉ. विजय सिंगला




विधायकों की राय से जिले के हर विस क्षेत्र में एक मई तक चुननी है जगह

को भेजनी होगी। गौरतलब है कि क्लीनिक किसी भी विस क्षेत्र में कहां खोलना है, यह इलाका विधायक की सहमति से तय करना होगा। जबकि दिल्ली की तर्ज पर खुलने वाले इन मोहल्ला क्लीनिक में बड़े अस्पतालों की तरह हर तरह की चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करानी होंगी। साथ ही इलाज की फीस सरकारी अस्पतालों की तरह रियायती रहेगी।

यूटर्न-जन हितैषी की मुहिम रंग लाई


# सराभा नगर में न्यू हाईस्कूल की आड़ में खुली 'शिक्षा-दुकानें' बंद करने की तैयारी, ओरिएंट सिनेमा की जानकारी होगी सार्वजनिक

### लुधियाना वैस्ट हल्के में अब तक चले सारे गोरखधंधों पर झाड़ू फेर देगी आप : गोगी

लुधियाना / यूटर्न/29 अप्रैल। महानगर के पॉश इलाके सराभा नगर में न्यू हाईस्कूल के विवाद को लेकर आखिरकार आम आदमी पार्टी 'एक्शन-मोड' में आ गई है। लुधियाना वैस्ट हल्के के विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी ने दोटूक ऐलान कर दिया कि इस प्रतिष्ठित स्कूल की आड़ में खोली गई 'शिक्षा की दुकानें' बंद कराई जाएंगी। यहां काबिलेजिक्र है कि 'यूटर्न टाइम' और 'जन-हितैषी' ने इस मामले में लगातार मुहिम चलाई थी। जिसमें यह खुलासा किया गया था कि मैनेजमेंट पर काबिज प्रेसिडेंट सुनील मड़िया ने नियमों की अनदेखी कर न्यू हाईस्कूल के नाम पर तीन नए 'कथित स्कूल' खुलवा दिए थे। शुक्रवार को यहां इंप्रूवमेंट ट्रस्ट आफिस में संगत-दर्शन के दौरान इलाका विधायक गोगी ने दावा किया कि न्यू हाईस्कूल मामले की पूरी गंभीरता से जांच होगी। इसकी फाइल लेकर वह






✔ न्यू हाईस्कूल मामले में विभागीय स्तर से दी गई रिपोर्ट

खुद चंडीगढ़ जाएंगे और शिक्षा मंत्री व संबंधित अधिकारियों से इसे लेकर बात करेंगे। साथ ही इन तीनों कथित-स्कूलों की मान्यता रद्द कराई जाएगी।




**अटल अपार्टमेंट ...** पक्खोवाल रोड पर बनने वाले अटल अपार्टमेंट के बारे में गोगी ने कहा कि सरकार द्वारा प्रोजेक्ट के ड्रॉ निकालने की मंजूरी दे दी गई है। गौरतलब है कि अटल अपार्टमेंट योजना के तहत कुल 336 HIG फ्लैट्स के एवज में 842 निवेदन, 240 MIG फ्लैट्स के एवज में 165 निवेदन प्राप्त हुए थे परंतु कोड आफ कंडक्ट के चक्कार में ड्रॉ नहीं निकल पाया और रिफंड मांगने वाले 25 निवेदकों को रिफंड जारी कर दिया गया। जबकि कई प्रोसेस में हैं? ड्रॉ में देरी से लोगों में स्कीम को लेकर असमंजस कि स्थिति पैदा हो गई थी। क्योंकि एक बार पहले भी नोटबंदी के दौरान यह स्कीम फेल हो चुकी थी।

### यूटर्न टाइम के 'रैपिड-फायर' पर गोगी के दावे

**ओरिएंट-सिनेमा...** ट्रस्ट की जगह पर बना सिनेमाहॉल बंद होने के बाद बकाया भुगतान किए बिना उसकी जगह नई इमारत बनाने के मामले में क्या गोलमाल है, इस पर गोगी ने दावा किया कि अब इस मामले से संबंधित कोई भी जानकारी एक हफ्ते के अंदर आरटीआई के जरिए मिला करेगी।

**कम्युनिटी सेंटर...** एसबीएस के ई-ब्लॉक में कम्युनिटी सेंटर की जगह पर काटे गए प्लॉट बेचने की तैयारी के मामले में क्या हो रहा है, इस पर वह बोले कि इस मामले की फाइल तलब कर ली गई है। जल्द ही इसे लेकर भी जांच-पड़ताल का काम तेजी से पूरा करने की हिदायत दी जाएगी।

**राजगुरु नगर...** यहां पर इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की जगह पर वॉशरुम की जगह में ही चार बूथ बना दिए गए, उस मामले में क्या एक्शन लिया, विधायक गोगी ने दावा किया कि इस केस की फाइल भी तलब कर ली गई है। अगर कोई भी गड़बड़ी पकड़ी गई तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

**जवाबदेही...** इंप्रूवमेंट ट्रस्ट में क्या पहले की तरह जानकारियों को लेकर मीडिया-सेंसर लागू रहेगा, इस पर आप विधायक ने कहा कि विभागीय अधिकारियों को सभी मामलों में हर बीस दिन के बाद स्टेट्स रिपोर्ट सार्वजनिक करने के निर्देश दिए गए हैं, जिन पर पाबंदी से अमल होना है।

वर्ल्ड डांस डे : सतलुज क्लब में कराया यादगार प्रोग्राम

## नृत्य-उत्सव में उभरती प्रतिभाओं की परफॉर्मेंस पांच नामचीन डांसर्स परखती रहीं उनका हुनर






✔ संगीताज-स्टूडियो की सराहनीय पहल वीकर्स, थर्ड जेंडर के लिए मुफ्त ट्रेनिंग

लुधियाना / यूटर्न /29 अप्रैल। वर्ल्ड डांस डे को समर्पित एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन यहां सतलुज क्लब में किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को नामचीन डांसर्स की मौजूदगी में उभरती प्रतिभाओं ने नृत्य-कला के विभिन्न विधा की प्रस्तुत की। उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीताज-स्टूडियो की ओर से रखे इस उत्सव के साथ नामचीन डांसर्स ने इस वर्कशॉप के जरिए ही स्टूडेंट-डांसर्स को नृत्य-कला की विभिन्न विधा की महत्वपूर्ण बारीकियां भी सिखाई। मशहूर डांसर्स में भरतनाट्यम की माहिर पिंकी चौधरी, कथक की माहिर डॉ. मिक्की वर्मा, सेमी-क्लासिकल एक्सपर्ट शिल्पी गुप्ता, सालसा की माहिर डॉ.संगीता बी. कुशवाहा और बॉली-फ्युजन एक्सपर्ट बिंदिया सूद ने उभरती प्रतिभाओं की प्रस्तुतियों को निर्णायक के तौर पर बारीकी से परखा। संगीताज-स्टूडियो की प्रमुख डॉ.कुशवाहा ने बताया कि उनकी ओर से वर्ल्ड डांस डे पर यह नृत्य-उत्सव कथक-गुरु बिरजू महाराज को समर्पित किया गया है। साथ ही ऐलान किया कि उनके यहां ट्रेनिंग लेने वाले स्टूडेंट्स में शामिल आर्थिक तौर पर कमजोर और थर्ड-जेंडर्स को मुफ्त शिक्षा दी जाएगी।

## गर्मी के मद्देनजर स्कूलों को लेकर बड़ा फैसला

लुधियाना / यूटर्न / 29 अप्रैल। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखकर कर शुक्रवार को पंजाब सरकार ने स्कूलों के समय सारिणी में बड़े परिवर्तन की घोषणा की है। सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में 2 से 14 मई तक प्राइमरी कक्षा के लिए सुबह 7 से 11 बजे तक स्कूल लगेंगे। जबकि अन्य कक्षाओं के लिए दोपहर 12.30 बजे तक स्कूल खुलेंगे वहीं 15 मई से 30 जून तक छुट्टियों की घोषणा कर दी गई है। जबकि 16 मई से 31 मई तक आनलाइन क्लासेस लगाए जाने का भी प्रावधान है।



चिलचिलाती धूप में नारियल पीती हुई लड़की

# लड़की ने छेड़छाड़ का विरोध किया बेखौफ युवक ने घर पर बोला धावा

### हमले में जख्मी लड़की, उसके माता-पिता का आरोप केस दर्ज, मगर देखने नहीं गई पुलिस

लुधियाना / यूटर्न /29 अप्रैल। लोगों में कानून का खौफ खत्म हो रहा है और पुलिस महिलाओं, बच्चियों के खिलाफ हिंसा के मामले तक गंभीरता से नहीं ले रही है। थाना सलेम टाबरी में लगते गुरनाम नगर में कुछ ऐसा ही मामला सामने आया।

जानकारी के मुाबिक जस्सियां रोड पर लगते गुरनाम नगर में बीती रात एक परिवार पर हमला कर नाबालिग लड़की और उसके माता-पिता को जख्मी कर दिया



गया। पीड़ित परिवार ने मेडिकल जांच करा थाना सलेम टाबरी में मामला दर्ज कराया। उनका आरोप है कि अगले दिन भी पुलिस मौका-मुआयना करने नहीं गई। पीड़ित मुकेश वर्मा का आरोप है कि मोहल्ले का एक युवक उसकी लड़की को स्कूल व मंदिर जाते छेड़ता है।

लड़की ने तंग आकर लड़की ने स्कूल जाना तक बंद कर दिया। वीरवार को लड़की से फिर छेड़छाड़ की तो उसने विरोध किया। रात को लड़के ने साथियों के साथ उनके घर हमला कर दिया।

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# श्री बालाजी महाराज जी का पवित्र दरबार यहां भक्तों की झोलियां खुशियो से भरती है : अमन जैन/अनुज मदान



लुधियाना/ यूटर्न / 29 अप्रैल। जोशी नगर शंकराचार्य नगर, हैबोवाल स्थित सिद्व पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर के 18 वें स्थापना दिवस समारोह की तैयारियां बड़े त्यौहार की भांति चल रही है हो भी क्यों न क्योंकि यह समारोह श्री बाला जी भगवान का जो है यहां पंजाब भर से धार्मिक राजनितिक तथा सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि श्री बाला जी दरवार में नतमस्तक होते है तथा श्री बाला जी का आशीर्वाद प्राप्त करते है। मंदिर प्रधान अमन जैन व् सेवक अनुज मदान ने कहा कि मंदिर में स्थापित 72 फुटी प्रतिमा सबके आकर्षण का केंद्र है यहां लोगों की ऐसी मान्यता है कि जिस किसी भी भक्त ने अपनी झोली फैला कर इस पवित्र दरवार जो कुछ भी माँगा है श्री बाला जी भगवान ने उनकी झोलियाँ खुशियों से भरी है। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस समारोह में भगतों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए हर कार्य को बारीकी से किया जा रहा है तांकि आने वाले किसी भी भगत को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रथम चरण में निमंत्रण देने का दौर जारी है वह गणमान्य अतिथि जिनमें मुख्य रूप से सौरव जैन, राकेश भाटिया, नवीन, सचदेवा टाइल्स, निश्चय, मिंटू, अशोक कुमार, विनोद गोयल, साहिल खुराना आदि को भाव सहित निमंत्रण दिए गए।

# बीएसएफ ने मार गिराया ड्रोन

## सर्च ऑपरेशन के दौरान खेतों में पड़ा मिला

अमृतसर / यूटर्न / 29 अप्रैल। सीमा सुरक्षा बल ने पाकिस्तानी तस्करों की एक और कोशिश को नाकामयाब करने में सफलता हासिल की है। पाकिस्तानी सीमा से उड़कर आए एक ड्रोन को बीएसएफ ने गिरा दिया है। बीएसएफ के जवानों ने सुबह सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसमें उन्होंने एक बड़ा ड्रोन बरामद हुआ।

बीएसएफ से मिली जानकारी के अनुसार, अमृतसर में अटारी के बिल्कुल समीप धनोआ कलां एरिया में ड्रोन की आवाज को सुना गया। रात तकरीबन 1:15 बजे जब BSF के जवानों ने आवाज को सुना तो वह अलर्ट हो गए। जवानों ने तुरंत आवाज की तरफ फायरिंग की। कुछ समय बाद आवाज बंद हो गई, लेकिन BSF के जवानों ने एहतियात के तौर पर इलाके को घेर लिया।



सुबह सर्च शुरू की गई। बीएसएफ ने रात के समय ही पूरे एरिया को घेर लिया। दिन होते ही BSF के जवानों ने एरिया में सर्च शुरू कर दी। जवानों को धनोआ खुर्द एरिया में काले रंग का चाइना मेड क्वाडकॉप्टर डीजेआई मैट्रिस-300 ड्रोन मिला। BSF ने ड्रोन को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है।

# व्यापारी ने नौकर को भेजा 50 हजार जमा करवाने, युवकों ने बातों में फंसा कर ढगा



लुधियाना/ यूटर्न / 29 अप्रैल। लुधियाना में होजरी व्यापारी के नौकर से एक ठग 50 हजार रुपए लेकर फरार हो गया। बताया जा रहा रहा है कि नौकर बेसुध हालत में है और कुछ सही से बता नहीं पा रहा। ठगी का उस समय नौकर को पता चला जब आरोपी मौके से फरार हो गया। चौड़ा बाजार में पीएनबी बैंक में नोसरबाजो ने बड़ी चालाकी से एक कम्पनी के कर्मचारी से 50 हजार रुपये की ठगी कर ली प्राईवेट कम्पनी के कर्मचारी के राजेश के मुताबिक व कम्पनी के खाते में पैसे जमा करवाने के लिए पीएनबी बैंक की लाइन में लगा था दो लोग उसके पास खड़े हो गए जिन्होंने मुह पर रुमाल बांधा हुआ था उन्होंने बातो में लगा लिया बैंक से बाहर ले आये और बैंक के थोड़ी दूर जाकर 50 हजार रुपये लेकर रफुचक्कर हो गए। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है और आरोपी की तलाश कर रही है क्योंकि बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में नोसरबाजो कि तस्वीरे कैमरे में कैद हो गई है आब इसी आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# पंजाब के हालात खराब करने वाले लोगो पर सख्त रुख अपनाए मान सरकार : वरुण मेहता

लुधियाना 29 अप्रैल। श्रीहिन्दू तख्त के प्रमुख प्रदेश प्रचारक वरुण मेहता ने पटियाला में हुई घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि अलगावाद समर्थकों द्वारा सनातन धर्म के पावन श्री काली माता मंदिर पर तलवार से हमला करना सरेआम गुंडागर्दी को दर्शाता है। मेहता ने कहा कि पँजाब की भगवंत मान सरकार की छवि खराब करने के लिए देश विरोधी ताकते सक्रिय ही रही है साजिशन पँजाब के अमन चैन को बिगाड़ने के लिए घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है. वरुण मेहता ने कहा कि बेशक कोई भी धर्म व संगठन हो किसी को भी पँजाब के माहौल को बिगाड़ने की इजाज़त नही देनी चाहिए व पटियाला में हुई घटना बेहद निदनीय है कुछ आंतकवाद समर्थकों द्वारा सरेआम खुद को आतंकी गुरजंट बुध्द सिंघवाला का वारिस बताते हुए जेल में मारे गए धर्म प्रेमी बिट्टू की हत्या का जिम्मेवार दर्शाया गया।

# असंवैधानिक समझौते को न्यायालय में चुनौती देंगे: बिक्रम सिंह सिद्धू



लुधियाना/ यूटर्न / 29 अप्रैल। पंजाब की जनता से प्रचंड बहुमत हासिल करने और अपनी सरकार बनाने के बाद आप सरकार पंजाब की जनता से किए अपने वादों से मुकरती दिख रही है व असली मसलों को छोड़ असंवैधानिक समझौते दिल्ली सरकार के साथ कर पंजाब को गिरवी रखने का कार्य कर रही है । जो पूरी तरह से गलत है। ये शब्द वरिष्ठ नेता, भारतीय जनता पार्टी, कार्यकारी सदस्य, पंजाब भाजपा और हल्का पश्चिम इंचार्ज एडवोकेट विक्रम सिंह सिद्धू ने कहे। एडवोकेट सिद्धू ने कहा आप पार्टी की तरफ से पंजाब और दिल्ली के बीच स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए आप द्वारा हस्ताक्षरित एमओयू गलत है। क्योंकि दिल्ली राज्य को अभी तक पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं मिला था और इस तरह के मसौदे से पंजाब राज्य को कोई लाभ नहीं मिलेगा बल्कि पंजाब राज्य की गोपनीय जानकारी उजागर होने का खतरा बना रहेगा। एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू ने कहा कि हमारे राज्य में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में कई विशेषज्ञ हैं जिनसे पंजाब की सेवा के लिए विशेष सेवाओं का लाभ उठाया जा सकता है जिससे शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हो सकता है।परंतु दिल्ली सरकार के कुछ लोग हमारे अधिकारियों या विशेषज्ञों को डिक्टेट करे ये ठीक नहीं है।

# पीसीटीई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स ने आईटी-ब्रेकथ्रू 2.0 कॉन्क्लेव का किया आयोजन



लुधियाना / यूटर्न / 29 अप्रैल। पीसीटीई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के कंप्यूटर साइंस विभाग ने सूचना प्रौद्योगिकी में उभरते रुझानों पर चर्चा करने के लिए एक आईटी-ब्रेकथ्रू 2.0 कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीसीएस ग्लोबल टेक के निदेशक श्री रंजीत सिंह,मुख्य वक्ता टेकीज इंडिया इंक डिजिटल मार्केटिंग हेड तरुणदीप सिंह और अतिथि अध्यक्ष बीडीएम, टेकीज श्री जसकनवाल सिंह उपस्थित थे। रंजीत सिंह ने अमेरिकी सरकार के लिए काम करके छात्रों को अरबों डॉलर के उद्योग के रास्ते की कल्पना की। उन्होंने अपने आईटी पेशे में समृद्ध होने के लिए सटीक करियर पथ का चयन करने के लिए छात्रों को समृद्ध और निर्देशित किया। तरुणदीप सिंह ने आंतरिक आवाज सुनने पर जोर दिया। कई ट्रेडों के कौशल को बढ़ाने के साथ-साथ, एक पेशेवर को किसी विशेष डोमेन में ऊर्ध्वाधर गहराई में विशेषज्ञ होना चाहिए। जसकनवाल सिंह ने छात्र को दुनिया भर में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या और कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल मार्केटिंग के प्रभावी अनुप्रयोग के लिए आवश्यक कौशल सेट के अनुसार बाजार विभाजन के बारे में जागरूक किया। कॉन्क्लेव का समापन ईशांत कुमार, निदेशक, ऑरिबिस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तकनीकी वार्ता के साथ हुआ। सीमित। कुमार ने दर्शकों को दुनिया भर में अनुप्रयोग विकास में नवीनतम रुझानों से अवगत कराया।

# लुधियाना में एमबीडी नियोपोलिस चॉकलेट बॉक्स एंड लाउंज ने तीसरी वर्षगाँठ मनाई

लुधियाना / यूटर्न / 29 अप्रैल। खाद्य और पेय ब्रांड में विविध पुरस्कार विजेता, द चॉकलेट बॉक्स एंड लाउंज ने लुधियाना के ऐतिहासिक शॉपिंग गंतव्य एमबीडी नियोपोलिस में अपने संरक्षकों को पाक-कला का आनंद प्रदान करने के तीन सफल वर्ष पूरे कर लिए हैं। तीन साल की अवधि के दौरान टीसीबी ने अपने ग्राहकों को विशेष ऑफर एवं गिफ्ट हैम्पर्स के द्वारा विशेष पहचान बनाई है । इसके अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से प्रतियोगिता , प्रश्नोत्तरी और पेटिसरी की यात्रा व प्रसारित वीडियो वर्षगाँठ समारोह के मुख्य आकर्षण के केंद्र थे। टीसीबी खाने–पीने की अपनी नई चीजों, अद्वितीय चयन, आधुनिक व दिलचस्प प्रकृति के अपने शानदार



पारंपरिक व्यंजनों के लिए जाना जाता है। 18 से अधिक वर्षों से, द चॉकलेट बॉक्स एंड लाउंज एमबीडी समूह द्वारा स्थापित फाइव स्टार होटलों में संचालित हो रहा है और एमबीडी समूह के सर्वाधिक नवीन ब्रांडों में से एक के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त है। इस अवसर पर एमबीडी ग्रुप की संयुक्त प्रबंध निदेशिका सोनिका मल्होत्रा कंधारी ने कहा, एमबीडी ग्रुप में हम सभी के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है कि हमारी बहु-पुरस्कार विजेता पेटिसरी द चॉकलेट बॉक्स ने तीन सफल वर्षों को पूरा करने में स्वयं को मील का पत्थर साबित किया है। यह हमारा समर्पण ही है जिसने कई वर्षों तक एमबीडी समूह के सफल खाद्य और पेय ब्रांडों के गुलदस्ते में टीसीबी को खड़ा किया है।

# लुधियाना को नशा मुक्त बनाने में पुलिस का सहयोग करें शहरवासी: सी.पी कौस्तुभ शर्मा



लुधियाना / यूटर्न / 29 अप्रैल। शिवसेना बाला साहेब ठाकरे के पंजाब प्रदेश प्रवक्ता चन्द्रकान्त चड्ढा के नेतृत्व में शिवसैनिकों का एक शिष्टमंडल महानगर के नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर आई. पी.एस कौस्तुभ शर्मा से भेंट करने पहुँचा ।सर्वप्रथम शिवसेना नेता चन्द्रकान्त चड्ढा के नेतृत्व में शिवसैनिकों द्वारा पुलिस कमिश्नर कौस्तुभ शर्मा जी को गणपति जी की मूर्ति भेंट कर उनका अभिनंदन किया वहीं उनके द्वारा स्मार्ट सिटी लुधियाना को एक्रोचमेंट फ्री करके लुधियाना वासियों को बड़ी राहत देने के लिए बधाई देते हुए शिवसेना नेता चन्द्रकान्त चड्ढा ने कहा कि पुलिस कमिश्नर आई.पी.एस कौस्तुभ शर्मा जी द्वारा उठाए इस कदम की लुधियाना का एक एक वासी सराहना कर रहा है। शिवसैनिकों का अभिनंदन स्वीकार करते हुए पुलिस कमिश्नर आई.पी.एस श्री कौस्तुभ शर्मा ने कहा कि लुधियाना को हर तरह के समाज विरोधी कार्य से मुक्त करना उनका लक्ष्य है। सीपी कौस्तुभ शर्मा ने लुधियाना वासियों को आग्रह करते हुए कहा कि महानगर को नशा मुक्त बनाने के लिए शहर वासी पुलिस विभाग को हर सम्भव सहयोग देकर नशे के तस्करों व् सौदागरों की जानकारी पुलिस को दें तांकि समाज विरोधी तत्वों पर कानून का शिंकजा कसा जा सके। वहीं शिवसेना नेता चन्द्रकान्त चड्ढा के नेतृत्व में शिवसैनिकों ने भी पुलिस कमिश्नर कौस्तुभ शर्मा जी को लुधियाना में पुलिस द्वारा किए जा रहे सभी समाज हित कार्यों में सहयोग करने का आश्वस्त दिया।

## जन्मदिन मुबारक



सुरिंदर डाबर



इशान शर्मा



शिवम सूद



पवन वर्मा

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
belfrance
bakers & chocolatiers
0161-4612000, 4633305
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार प्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 – 3
M: 98142-95372

# सीआईआई डेलीगेशन मिला डीसी से संगठन की गतिविधियों के बारे बताया




लुधियाना / यूटर्न / 29 अप्रैल। कंफर्ड्रेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीय यानि सीआईआई के एक डेलीगेशन ने अश्विन नागपाल की अगुवाई में डिप्टी कमिश्नर सुरभि मलिक से मुलाकात की और पहली मुलाकात में उनका रस्मी-तौर पर स्वागत किया। सीआईआई मेंबरों ने डीसी को अपने इस औद्योगिक-संगठन की गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। साथ ही उद्योगों की बेहतरी, सार्वजनिक वकालत, इसकी सामाजिक जिम्मेदारियों और समाज के लिए भी प्रतिबद्धता की विस्तार से जानकारी दी।

यह भी डिप्टी कमिश्नर को बताया गया कि कोरोना महामारी से बने संकट के माहौल में सीआईआई ने किस तरह जिला प्रशासन के साथ समाजसेवा के अभियान चलाए थे। डिप्टी कमिश्नर ने उनको भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी जिला प्रशासन हमेशा उनके सहयोग से जनसेवा अभियान के मजबूत करता रहेगा।

# टाटा की नई कॉन्सेप्ट इलेक्ट्रिक कार पेश 30 मिनट के चार्ज पर 500किमी चलेगी

नई दिल्ली / यूटर्न / 29 अप्रैल। टाटा मोटर्स ने अपनी एक और कॉन्सेप्ट कार टाटा अविन्या दुनिया के सामने पेश की है। ये कार टाटा के नए इलेक्ट्रिक व्हीकल प्लेटफॉर्म पर बेस्ड है। कंपनी अविन्या को 2025 तक मार्केट में लॉन्च करेगी। ये इलेक्ट्रिक कार 30 मिनट की चार्जिंग पर 500 किमी की रेंज देती है।

इस कार की ड्राइवर और फ्रंट पैसेंजर सीट रिवोल्विंग होंगी और ये 360 डिग्री घूम जाएंगी। टाटा समूह ने इसी महीने की शुरुआत में टाटा कर्व कॉन्सेप्ट कार को भी पेश किया था। इस कॉन्सेप्ट कार का नाम अविन्या



रखे जाने के पीछे टाटा मोटर्स के एमडी शैलेष चंद्र ने कहा कि ये संस्कृत भाषा से लिया गया शब्द है। इसका मतलब इनोवेशन होता है। साथ ही इस नाम में IN भी आता है। जो इंडिया की पहचान है। चंद्र ने कहा कि अविन्या को फ्यूचर और वेलनेस के संगम से तैयार किया गया है। ये कार ड्राइविंग के दौरान लोगों को रेजुन्वाइट करने का काम भी करेगी। टाटा अविन्या का डिजाइन काफी फ्यूचरिस्टिक बनाया गया है। इसे सिंपल और कॉम्पैक्ट रखा गया है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कार के स्टीयरिंग व्हील पर एक टच पैनल दिया गया है और इसी से कार के पूरे फीचर्स कंट्रोल होते हैं। कार का डैशबोर्ड असल में एक पूरा साउंड बार है जो इसे एक हैपनिंग व्हीकल बनाता है। हर यात्री के हेडरेस्ट पर स्पीकर दिए गए हैं, जिससे उसे संगीत सुनते वक्त पर्सनलाइज एक्सपीरिएंस हो।

# ट्विटर के लिए फंड जुटाने को मस्क ने टेस्ला के 44 लाख शेयर बेचे

वाशिंगटन। दुनिया के सबसे रईस व्यक्ति एलन मस्क माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर का सौदा पूरा करने के लिए फंड जुटाने की कवायद में जुट गए हैं। इसके तहत उन्होंने एक बार फिर से अपनी कंपनी टेस्ला के शेयरों की बिक्री की है। अमेरिकी सिक्योरिटीज फाइलिंग से ये जानकारी सामने आई है। इसमें कहा गया है कि मस्क ने कंपनी के 44 लाख शेयर बेचे हैं। फाइलिंग में कहा गया है कि एलन मस्क ने टेस्ला इंक के 44 लाख शेयर बेचे हैं और इनकी बिक्री 3.99 अरब डॉलर यानी 30 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा में की गई है। गौरतलब है कि इससे पहले भी कई बार मस्क टेस्ला के शेयर बेच चुके हैं। जानकारी के मुताबिक, ये शेयर मंगलवार और बुधवार को बेचे गए हैं। रिपोर्ट में इसे



एलन मस्क की ट्विटर डील के लिए फंड जुटाने की कवायद करार दिया गया है। शेयर बेचने की खबर सामने आने के बाद एलन मस्क की ओर से एक ट्वीट भी किया गया है। इसमें उन्होंने टेस्ला के शेयरों की हालिया बिक्री की पुष्टि करते हुए आगे इस तरह का काम न करने की बात कही है। दुनिया के सबसे बड़े अरबपति और टेस्ला के सीईओ ने अपने ट्वीट में कहा है कि आज के बाद टेस्ला के शेयरों की बिक्री की कोई और योजना नहीं है। गौरतलब है कि हाल ही में एलन मस्क ने माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर का सौदा किया है। बीते दिनों उन्होंने ट्विटर में 9.2 फीसदी की हिस्सेदारी खरीदी थी और उसके कुछ ही दिन बाद उन्होंने पूरे ट्विटर को ही खरीद लिया। ये सौदा 44 अरब डॉलर (3.37 लाख करोड़ रुपये) में हुआ है। माना जा रहा है कि ट्विटर की अपनी नियोजित खरीद के वित्तपोषण में मदद के लिए उन्होंने अपनी कंपनी के शेयर बेचे हैं। टेस्ला के शेयरों की बिक्री की खबर चर्चा में आने के बाद इस सौदे के जानकारों का कहना है कि एलन मस्क को 44 अरब डॉलर की ट्विटर डील के 21 अरब डॉलर की इक्विटी को कवर करने के लिए ट्विटर में अपनी होल्डिंग का सौदा भी करना पड़ सकता है।

# एलआईसी को आईपीओ लाने के लिए मिल सकती है मिनिमम पब्लिक होल्डिंग से छूट




नई दिल्ली। एलआईसी को मिनिमम पब्लिक होल्डिंग शर्त से छूट मिल सकती है। दीपम सचिव तुहिन कांता पांडे ने शुक्रवार को कहा कि वित्त मंत्रालय एलआईसी को न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता मानदंड से छूट देने के लिए बाजार नियामक सेबी के साथ चर्चा करेगा। सेबी के मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग नॉर्म्स के तहत एक लाख करोड़ से ज्यादा वैल्यूएशन वाली लिस्टेड एंटिटीज के पास लिस्टिंग के 5 साल के अंदर कम से कम 25 पर्सेंट पब्लिक शेयरहोल्डिंग होनी चाहिए। सरकार ने पिछले साल सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को इस नियम से छूट दी थी। सरकार LIC में 22.13 करोड़ से अधिक शेयर 902-949 रुपये के प्राइस बैंड पर बेच रही है, जो 4 मई को खुलेगा और 9 मई को बंद होगा। एलआईसी 17 मई को स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्ट होगी। सरकार को LIC आईपीओ से लगभग 21,000 करोड़ रुपये जुटने की उम्मीद है। राज्य के स्वामित्व वाली बीमा कंपनी LIC का बाजार मूल्य 6 लाख करोड़ रुपये है। मेगा एलआईसी आईपीओ से पहले पांडे ने कहा कि सरकार लिस्टिंग के एक साल के भीतर जीवन बीमा निगम में अपनी हिस्सेदारी को कम नहीं करेगी।

# मारुती को चौथी तिमाही में 1,876 करोड़ का शुद्ध लाभ

नई दिल्ली / यूटर्न / 29 अप्रैल। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने शुक्रवार को 31 मार्च, 2022 को समाप्त चौथी तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ में 51.14 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की है। यह 1,875.8 करोड़ रुपये दर्ज किया गया है। मारुति सुजुकी इंडिया ने एक नियामकीय फाइलिंग में कहा कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 1,241.1 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ अर्जित किया था। इसमें कहा गया है कि परिचालन से कुल राजस्व 26,749.2 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की चौथी तिमाही में 24,034.5 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल वाहन बिक्री 4,88,830 इकाई रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 0.7 प्रतिशत कम है।कंपनी के मुताबिक घरेलू बिक्री 4,20,376 इकाइयों की रही, जो FY21 के Q4 के मुकाबले 8 प्रतिशत की गिरावट दर्शाती है। कंपनी ने कहा कि निर्यात 68,454 इकाइयों का रहा जो किसी भी तिमाही में सबसे अधिक है। 31 मार्च, 2022 को समाप्त कारोबारी साल के लिए कंपनी ने कहा कि उसका समेकित शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2021 में 4,389.1 करोड़ रुपये की तुलना में 11.6 प्रतिशत कम होकर 3,879.5 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2022 के लिए परिचालन से समेकित कुल राजस्व 88,329.8 करोड़ रुपये था, जबकि वित्त वर्ष 2021 में यह 70,372 करोड़ रुपये था।

# रिलायंस के वायकाम 18 में निवेश करेंगे जेम्स मर्डोक और उदय शंकर

नई दिल्ली / यूटर्न / 29 अप्रैल। भारतीयों के बीच स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। कोरोना वायरस संक्रमण के कारण पैदा हुई स्थितियों के बीच तमाम बड़ी फिल्में औरवेब सीरीज स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म पर लॉन्च हुई और इनकी डिमांड में तेजी आई क्योंकि लॉकडाउन के दौरान लोगों के पास खुद को एंटरटेन रखने का यह बड़े साथ के रूप में उभरे।

ऐसे में रूपर्ट मर्डोक के बेटे जेम्स और डिज्नी इंडिया के पूर्व प्रमुख उदय शंकर द्वारा स्थापित एक इन्वेस्टमेंट कंपनी बोधी ट्री सिस्टम ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के ब्राडकास्टिंग व्यवसाय वायकाम18 में निवेश का ऐलान किया है। बोधी ट्री सिस्टम ने बुधवार को कहा कि वह वायकाम 18 में 1.8 अरब डालर



(लगभग 13,500 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा है कि साझेदारी से स्ट्रीमिंग बाजार में बढ़त बनाने में मदद मिलेगी। बता दें कि वायकाम 18 में रिलायंस की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है और बाकी हिस्सेदारी वायकामसीबीएस के पास है, जिनसे हाल ही में अपना नाम बदलकर पैरामाउंट ग्लोबल कर लिया है। वायकाम 18 वूट नाम से स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म चलाने के साथ ही निक्लोडियन और कामेडी सेंट्रल जैसे टीवी चैनल का भी संचालन करता है।

अभी यह नहीं पता चल सका है कि प्रस्तावित निवेश के बाद वायकाम 18 के प्रबंधन का ढांचा कैसे होगा। हालांकि, माना जा रहा है कि पैरामाउंट ग्लोबल अपनी हिस्सेदारी बरकरार रखेगी और ग्लोबल कंटेंट की आपूर्ति करती रहेगी। इससे पहले रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड बुधवार को 19 लाख करोड़ रुपये के बाजार मूल्यांकन को छूने वाली भारत की पहली कंपनी बन गई है। बीएसई पर बुधवार को सुबह के कारोबार में ही कंपनी का बाजार मूल्यांकन 19,12,814 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था।

# पंजाब में 'बदलाव' के साथ 'बदली' सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन की भाषा

## नगर निगम बन गए भ्रष्टाचार का अड्डा, गेजाराम बोले - सरकार को भेजेंगे रिपोर्ट

लुधियाना/यूटर्न/29 अप्रैल। भ्रष्टाचार को लेकर बदनाम स्थानीय निकाय विभाग के 'कमाऊ' कहलाने वाले नगर निगमों के खिलाफ खुद पंजाब सरकार के प्रतिनिधि ने खुलकर संगीन इलजाम लगाए। यहां आए पंजाब सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन गेजाराम वाल्मीकि ने सरेआम आरोप लगाया कि निगमों में लंबे वक्त से एक ही जगह जमे अफसर ही भ्रष्टाचार के जनक हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ठेके पर रखे सफाई कर्मियों को मेड लगाकर भ्रष्ट अफसर मोटी कमाई करते हैं। जबकि ठेके पर लगने बाकी सफाई सेवक इस डर से मुंह नहीं खोलते कि भ्रष्ट अफसर उनकी नौकरी ही खा जाएंगे। उन्होंने अपनी मीटिंग में आए एक सफाईकर्मी नेता द्वारा दलित समाज से संबंधित एक निगम अधिकारी पर भ्रष्टाचार संबंधी गंभीर आरोपों के मामले में माना कि हकीकत में सीवरेज में उतरने वाले, गंदगी ढोने वाले चौथा दर्जा मुलाजिम लुट रहे हैं, पिट रहे हैं तो उसके लिए अपने ही समाज के कुछ अफसर भी जिम्मेदार हैं। आयोग के चेयरमैन ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में पूरे राज्य के 21 निगम-कौंसिलों की रिपोर्ट बनाकर राज्य सरकार को भेजी गई हैं। जहां लंबे समय से एक ही जगह कुर्सियों पर जमे भ्रष्ट अफसर गड़बड़ियां कर रहे हैं।



उनके तबादले करने के अलावा भ्रष्टाचार के मामलों की पूरी गंभीरता से जांच कराए जाने की जरुरत है। वाल्मीकि सेवक संघ (रजि:) वी एस एस के प्रांतीय अध्यक्ष वीर विक्की सहोता की अगुवाई में बचत भवन मिनी सचिवाल्या लुधियाना में सफाई कर्मचारी आयोग की चलती बैठक में अपने वी एस एस के कार्यकर्ताओं के साथ विरोध करने पहुंचे, विरोध करते हुए सभी ने सफाई कर्मचारी कमीशन मुर्दाबाद, गेजा राम मुर्दाबाद, कॉर्पोरेशन कमिश्नर मुर्दाबाद, जस्बीर कौर मुर्दाबाद, अश्वनी सहोता मुर्दाबाद के नारे लगाए और अब तक दिये गई सभी दरखास्तों पर इंसाफ ना मिलने का रोष जताया। कमीशन के चेयरमैन गेजा राम वाल्मीकि ने जोनल कमिश्नर आदित्य देतवाल को आदेश देते हुए कहा कि दस दिन के अंदर सभी दरखास्तों पर तुरंत करवाई हो, और जो लम्बरदार राजेश रिश्वत लेते वीर विडिओ में साफ दिखाई दे रहा है उसे भी तुरंत बर्खास्त किया जाए, साथ ही में कच्चे सफाई सेवक जो अश्वनी सहोता की मनोपली वाले कच्चे लम्बरदार लगे हुए है उन्हे भी तुरंत लम्बरदारी से हटाया जाए क्युकि एक कच्चा मुलाजिम् पक्के मुलाज़िम की हाजरी कैसे लगा सकता है जबके वो कच्चा भी है और जूनियर भी, इस गलत बे मतलब की पालिसी को तुरंत बंद कर 206 सीनियरता के हिसाब से पक्के मुलज़ीमो को लम्बरदार लगाए जाए, ताकि इस भ्रष्टाचार को जड़ से ख़तम किया जा सके साथ ही में गेजा राम वाल्मीकि ने कहा जबरन निकाले गए कर्मचारिओं को बहाल करवाने की परिकिरया शुरु कर दस दिन में कमीशन को रिपोर्ट भेजी जाए, जोनल कमिश्नर आदित्य देतवाल ने वी एस एस के शिक्षठ मंडल् को अपने कार्यालय में आकर सभी शिकायते दर्ज करवाने को कहा।

# एसएएन जैन मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई



लुधियाना / यूटर्न / 29 अप्रैल। एसएएन जैन मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में स्कूल बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता श्री आत्मानंद जैन स्कूल कमेटी अध्यक्ष कोमल कुमार जैन डयूक ने की। इस अवसर पर कोमल जैन डयूक ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है।

इसलिए युवाओं को विभिन्न गतिविधियों के लिए आगे आना चाहिए, ताकि वह देश के विकास में अहम योगदान दे सके। इस दौरान बच्चों ने अपने आसपास को हरा भरा रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को उनकी प्रतिभा को आगे प्रेरित करने को लेकर पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर कोमल कुमार जैन डयूक, भूषण जैन, रमेश जैन स्वास्तिक, अरुण जैन बबला, मनोहर लाल जैन, किरण जैन, संजय जैन इंद्रा, अतुल जैन, जितेंद्र जैन, विनोद जैन, अमित जैन, कृष्ण कुमार जैन, ललित जैन, राकेश जैन, विक्रम जैन आदि ने बच्चों को ट्राफी देकर सम्मानित किया। अंत में स्कूल की प्रधानाचार्य मीना जैन ने छात्रों को पुरस्कार देने के लिए और बच्चों को प्रेरित करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# आरपीआईएल के शेयरों की ग्रोथ ने लोगों को दिलाई हर्षद मेहता की याद

RPIL Ritesh Properties & Industries Ltd

लुधियाना / यूटर्न / 29 अप्रैल। इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की मॉडल टाउन अंडरबिडिंग जमीन की बोली रद्द मामला, इंडस्ट्रियल लैंड पर हैमटन होम्स जैसे रिहायशी फ्लैट बनाने के मामले के बाद अब कोविड के दौर में 4041 प्रतिशत की ग्रोथ देने वाले शेयरों को लेकर रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, शोयर बाजार में भी सुर्खियों में छा गई है। कभी कंगाली की दौर में पहुंच चुकी आरपीआईएल के शेयरों में एकाएक ऐसी ग्रोथ ने लोगों को वर्ष 1992 के शेयर बाजार के सबसे बड़े कारोबारी हर्षद मेहता की याद दिला दी। क्योंकि वर्तमान समय में भी शेयर बाजार के सबसे बड़े व्यापारी के रूप में हर्षद मेहता को ही माना जाता है। बता दें कि गुजरात के राजकोट में पैदा हुए हर्षद शांति लाल मेहता एक ऐसे स्टॉक कारोबारी थे जिनकी दिलचस्पी के बाद एसीसी जैसी कंपनी का शेयर कुछ ही समय में 200 रूपये से बढ़कर 9000 तक पहुंच गया था। शायद यही वजह है कि आज भी जब किसी शेयर में अचानक कोई बड़ा उछाल देखने को मिलता है तो लोग चुटकी लेते हुए यह कहना शुरु कर देते हैं कि आखिर आज का हर्षद मेहता कौन है? गौरतलब है कि हर्षद मेहता कांड के बाद ही देश के शेयर बाजार में नियंत्रण बनाए रखने के उद्देश्य से सेबी का गठन किया गया था ताकि तथाकथित निवेशकों द्वारा काटल बनाकर शेयर बाजार में की जाने वाली बनावटी तेजी पर नजर रखी जा सके। आरपीआईएल कंपनी के शेयरों में भी 1.5 लाख रूपये लगा कुछ ही समय में 1 करोड़ रुपये रिटर्न पाने जैसी खबरों के बाद लोगों में चर्चा है कि आखिरकार कंपनी के शेयरों में इस उछाल के पीछे किसका दिमाग है या आरपीआईएल ऐसी कौन सी गतिविधियों में शामिल है कि उनके शेयर बड़ी-बड़ी कार्पोरेट कंपनियों को पीछे छोड़ते हुए 4041 प्रतिशत तक की ग्रोथ दे रहे हैं।

# बहन की दोस्त के साथ की अश्लील हरकतें

लुधियाना / यूटर्न / 29 अप्रैल। लुधियाना के ताजपुर रोड पर रहती युवती के साथ उसकी दोस्त के भाई ने अश्लील हरकतें की और उसकी फोटो इंटरनेट मीडिया पर डालने की धमकियां देकर ब्लैकमेल करता रहा। युवती द्वारा पुलिस को की शिकायत के बाद मामला दर्ज किया गया है और आरोपित की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस को दी शिकायत में गुरु रामदास नगर ताजपुर रोड की युवती ने बताया कि पुनीत नगर में उसकी एक दोस्त रहती थी जिसके साथ वह पढ़ाई भी करती है। उसकी दोस्त का भाई उसे एक तरफा प्यार करता था और उससे शादी करनी चाहता था जब उसने उसे मना किया तो वे उसे रास्ते में रोक कर छेड़छाड़ करने लगा और परेशान करने लगा। यही नहीं उसने उसकी कुछ फोटो इंटरनेट मीडिया पर डालने की धमकी दी थी और ऐसा कर



उससे 30,000 पर भी लिए। अब वे उसे फिर से पैसे देने के लिए परेशान कर रहा था। उसके द्वारा पुलिस को दी शिकायत के बाद थाना डिवीजन नंबर सात में हरदीप सिंह के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। मामले के जांच अधिकारी एएसआइ सुनील कुमार ने बताया कि शिकायत की जांच के बाद आपराधिक मामला दर्ज किया गया है और आरोपित की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# एस. सी. डी. सरकारी कॉलेज में उच्च स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय शिष्ट मण्डल ने किया दौरा

लुधियाना / यूटर्न / 29 अप्रैल। सतीश चंद्र धवन राजकीय महाविद्यालय लुधियाना के प्रांगण में आज केन्या से पधारे राजकीय अतिथियों (विदेशी मेहमानों) ने दौरा किया। इन उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय शिष्ट मंडल में रिपब्लिक ऑफ केन्या के माननीय गवर्नर पैट्रिक खएम्बा, उनकी धर्मपत्नी एच. इ. लैडिया एवं मैरी न्ज़ोमो (माननीय कृषि मंत्री, रिपब्लिक ऑफ केन्या) ने शिरकत की। इस राजकीय दौरे में शामिल अन्य भारतीय गणमान्य अतिथियों में प्रो. परविंदर सिंह (वाईस चांसलर, रायत बाहरा यूनिवर्सिटी) शामिल रहे। अतिथियों के इस अंतरराष्ट्रीय दौरे का



मुख्य उद्देश्य सतत कृषि पद्धतियों के अनुसंधान और आदान-प्रदान के लिए प्रौद्योगिकी-विकास रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) प्रदीप सिंह वालिया ने आए हुए राज्य अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और सहर्ष उन्हें कॉलेज कैम्पस दिखाया। इस अवसर पर कॉलेज के एन सी सी (आर्मी विंग) केडेट्स ने एस. एल. आर. रायफल्स के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया तथा मेहमानों के स्वागत के लिए कॉलेज की गिद्दा टीम ने गिद्दा डालकर सिर्फ अभिनंदन ही नहीं किया बल्कि पंजाब की सांस्कृतिक झांकी को भी दिखाया। तदोपरांत प्राचार्य डॉ. वालिया ने पी. पी. टी. के माध्यम से कॉलेज की गतिविधियों, उपलब्धियों और कोर्सेस की जानकारी दी और संक्षेपरूप में बताया कि यह महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों के माध्यम से किस प्रकार समाज के उत्थान में हर क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है।

# पन्नू व अन्य खालिस्तान समर्थकों की आहुति हवन में डाली

## रोहित भुटटो ने हवन कर पंजाब के अमन चैन की अरदास की



लुधियाना / यूटर्न / 29 अप्रैल। श्रीहिन्दू तख्त के जिला प्रधान रोहित शर्मा भुटटो द्वारा स्वयंभू खालिस्तान समर्थक गुरपवन्त पन्नू व अन्य खालिस्तान समर्थकों द्वारा पँजाब को तोड़ने व पँजाब का माहौल खराब करने की रची जा रही साजिशों पर शत्रुनाशक मा बंगलामुखी का हवन करते हुए पन्नू व अन्य आंतकवाद समर्थकों की आहुतियां डालते हुए ईश्वर से उन्हें अपने चरणों मे बुलाने की अरदास की। भुटटो ने कहा कि पँजाब शहीदों की धरती है व कुछ लोग निजी स्वार्थ की खातिर शांतमय माहौल को खराब करने की साजिशें रच रहे है लेकिन श्रीहिन्दू तख्त ने हमेशा ही पँजाब पंजाबियत की बात की है व सभी धर्मों का सम्मान किया है लेकिन कुछ लोग साजिशन सनातन धर्म के विरुद्ध दुष्प्रचार कर रहे है उंन्होने कहा कि पन्नू द्वारा आज़ खालिस्तान का स्थापना दिवस मनाए जाने का ऐलान करने पर श्रीहिन्दू तख्त के प्रमुख प्रदेश प्रचारक वरुण मेहता के दिशा निर्देशों पर हमने सनातनी रीति रिवाज़ो अनुसार शत्रु नाशक माँ बंगलामुखी की आराधना करते हुए उनसे देश व प्रदेश विरोधी दहशतगर्दी सोच रखने वालों को अपने चरणों मे वास देने की अरदास की है। इस अवसर पर केशव शर्मा , अमृत दत्त, सागर वर्मा , अमन सेठी व अन्य भी उपस्थित थे।

# टैक्सेशन कमिश्नर कमल किशोर यादव की अध्यक्षता में विशेष बैठक का आयोजन किया गया





लुधियाना / यूटर्न / 29 अप्रैल। टैक्सेशन डिपार्टमेंट की तरफ से लुधियाना डिवीजन के सभी अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में टैक्सेशन कमिश्नर कमल किशोर यादव की अध्यक्षता में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इसमें चंडीगढ़ से आए कमिश्नर केके यादव ने बताया कि पंजाब सरकार की तरफ स्पष्ट तौर पर निर्देश दिए गए हैं कि सभी विभागों में करप्शन पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी और रेवेन्यू के जो टारगेट निर्धारित हुए हैं उसको पूरी तरह से हासिल किया जाए। इसके मद्देनजर लुधियाना डिवीजन की मीटिंग रखी गई, जिसमें लुधियाना 1 से लेकर लुधियाना 5 सभी जिलों के व फतेहगढ़ साहिब सहित जिसमें टैक्सेशन विभाग, मोबाइल विंग व ऑडिट सहित सभी असिस्टेंट कमिश्नर और टैक्स अधिकारी आए हैं, इन्हें निर्देश दिए गए हैं कि व्यापारियों और लोगों को किसी भी तरह से परेशानी नहीं होनी चाहिए और टैक्स की चोरी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर कोई कर्मचारी या अधिकारी किसी भी तरह से करप्शन या किसी को परेशान करता हुआ मिलेगा तो कार्रवाई करेंगे इसके साथ ही आश्वस्त करते हैं कि टैक्स की चोरी ना हो और टैक्स का निर्धारित लक्ष्य पूरा कर सके ताकि पंजाब सरकार विकास के कार्यों पर खर्च कर सके।

# कॉस्मिक ब्लिंग्स लाइफस्टाइल एग्जीबिशन में लेटैस्ट फैशन ट्रेंड्स देखने को मिले











लुधियाना / यूटर्न / 29 अप्रैल। लुधियाना के होटल महाराजा में दो दिवसीय कॉस्मिक ब्लिंग्स लाइफस्टाइल एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। लाइफस्टाइल एग्जीबिशन में लेटैस्ट फैशन को शॉकेज किया गया। जिसमें ब्राइडल वेयर, वेस्टर्न वेयर, फैशन एक्सेसरीज, ज्वैलरी, होम डेकोर आदि देखने को मिले। स्पैशल समर फैशन के लेटैस्ट डिज़ाइनिंग देखने को मिली। इस एग्जीबिशन को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला।इस तरह की एग्जीबिशन इसलिए लगाई जाती है ताकि फैशन को लेकर नए ट्रेंड्स देखने को मिलते है। शहर के प्रमुख ब्लॉगर्स और इनफ्लुएंस ने की शिरकत और लेटेस्ट ट्रेंड्स को जाना।

-फोटो: विशाल ढल्ल

# विश्व नृत्य दिवस पर संगीता स्टूडियो आफ परफार्मिंग आर्ट्स में डांस का आयोजन







लुधियाना/यूटर्न/29 अप्रैल। अन्तर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस यानि इंटरनेशनल डांस डे को सर्वप्रथम 1982 में मनाया गया था। इस दिवस को मनाने का श्रेय आईटीआई (इंटरनेशनल थियेटर इंस्टीट्यूट) की इंटरनेशनल डांस कमेटी को जाता है। यह दिवस 19 वीं सदी के फ्रैंच डांसर जेन जोर्जस नोवेरे को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। यह इंटरनेशनल स्तर पर तय की गई निर्धारित थीम द्वारा मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया-भर में डांस की विधाओं को प्रसिद्ध करना और दुनिया-भर के डांसरों को प्रोत्साहित करना है। डांस एक ऐसी क्रिया है, जिसका प्रयोग शरीर को रोगों से दूर रखने के लिए भी किया जाता है। डांस सबके मन को भाता है और शारीरिक ही नहीं, हमारे मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है, इसीलिए डांस को महत्व देना जरुरी है। यदि हम डांस की उत्पत्ति की बात करें तो 2000 साल पहले ब्रह्मा जी द्वारा नृत्य वेद तैयार किया गया था। जिसके माध्यम से नृत्य की उत्पत्ति हुई थी। दुनिया भर में इंटरनेशनल डांस डे के दिन नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनी और सभी प्रकार के नृत्य विधाओं की सुसज्जित शाम व कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। हमारी संस्था यूनेस्को से जुड़ी है, उसकी सदस्यता के नाते भी इस कार्यक्रम को थीम-बेस कराया गया है।

*-फोटोः विशाल ढल्ल*

## पटियाला में शाम सात बजे से कर्फ्यू, माहौल तनावपूर्ण

पटियाला / यूटर्न / 29 अप्रैल। पटियाला में शिवसेना बाल ठाकरे के खालिस्तान मुर्दाबाद मार्च के विरोध में कुछ गर्म ख्याली सिख युवकों ने भी मार्च निकाला। उन्होंने शिव सैनिकों को 'बंदर सेना' नाम देते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए। इसी दौरान काली माता मंदिर में हिंदू और सिख संगठनों में भिड़ंत से स्थिति तनावपूर्ण हो गई। दोनों गुटों की ओर से पत्थरबाजी होने लगी। तलवारें लहराई गई। भीड़ को काबू करने के लिए एसएसपी ने पहुंचकर 15 राउंड हवाई फायर किए। इस दौरान एक हिंदू नेता और थाना त्रिपड़ी के



एसएचओ कर्मवीर सिंह घायल हुए। डीसी साक्षी साहनी ने शुक्रवार शाम 7 बजे से शनिवार सुबह 6 बजे तक जिले में कर्फ्यू लगाने के आदेश दे दिए हैं। इससे पहले, पुलिस ने दोपहर तीन बजे के आसपास स्थिति पर काबू पाया। हालांकि, सिख संगठनों के सदस्यों ने शहर के फव्वारा चौक पर धरना पर बैठ गए है। युवक धरने के दौरान ही सड़क पर बैठकर खाना खा रहे हैं। उधर, पंजाब भाजपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा और लुधियाना के सांसद रवनीत बिट्टू सहित विभिन्न सियासी दलों के नेताओं ने घटना की तीखी निंदा की है। वहीं, सीएम भगवंत मान ने घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि इलाके में शांति बहाल कर दी गई है। हम किसी को भी राज्य में अशांति पैदा नहीं करने देंगे। पंजाब की शांति और सद्भाव अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## शनिवार को कई इलाकों में नहीं रहेगी बिजली

लुधियाना/यूटर्न/29 अप्रैल। महानगर के कई इलाकों में पीएसपीसीएल द्वारा जारी 11केवी फीडरों की मरम्मत मुहिम के चलते कल शनिवार 30 अप्रैल को बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इस दौरान सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में राजगुरु नगर के ब्लॉक ए, बी, सी और डी के अलावा इश्मीत अकादमी, न्यू अमन पार्क, राजगुरु नगर एक्सटेंशन, मेन मार्केट राजगुरु नगर के एरिया शामिल रहेंगे।

## पंजाब में नशे की आग अकाली सरकार के समय फैलाई गईः राजा वड़िंग

तरनतारन / यूटर्न / 29 अप्रैल। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा कि पंजाब में नशे की आग फैलाने के पीछे शिअद की पूर्व सरकार का हाथ रहा है। नशे को पूरी तरह से समेट न पाने का कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में नुकसान हुआ। अगर आम आदमी पार्टी ने नशे के मामले में लापरवाही बरती तो इस पार्टी का हाल भी बहुत बुरा होगा क्योंकि नशा अब बीमारी की तरह पंजाब में फैल रहा है। इतना ही नहीं आप की सरकार के दौरान राज्य में 26 से अधिक कत्ल हो चुके हैं। हालात ऐसे हैं कि पूरे पंजाब में आतंक का माहौल है। विस हलका पट्टी के गांव बाह्मणीवाला में 23 अप्रैल को नशे की ओवरडोज की भेंट चढ़े युवक गुरप्रताप सिंह भोला व गांव सोहावा निवासी किसान सुखजिंदर सिंह के एनआरआइ बेटे जतिंदरपाल सिंह की गोलियां मारकर हत्या के मामले में परिवारों से दुख प्रगट करते हुए राजा वड़िंग ने कहा कि पंजाब के लोग आम आदमी पार्टी की सरकार बनाकर पछता रहे हैं। खेती के लिए



बिजली तो क्या घरेलू खपतकारों को छह से आठ घंटे के बिजली कट का सामना करना पड़ रहा है। गांव बाह्मणीवाला में नशे की ओवरडोज से जान गंवाने वाले युवकों के परिजनों से मिलते राजा वड़िंग। उन्होंने कहा कि पहले भगवंत मान कहते थे कि पंजाब में नशा कांग्रेस की सरकार फैलाती है। परंतु अब बताएं कि राज्य में नशे से युवाओं की मौतें क्यों हो रही है और आए दिन लोगों को गोलियों से क्यों भूना जा रहा है। राजा वडिंग़ ने कहा कि आम आदमी पार्टी पर राज्य के लोगों ने बड़ा विश्वास जिताया है। आप की सरकार को चाहिए कि लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरा जाए।

## वाकई यह 'बदलाव' तो आया

पंजाब के सबसे बड़े संसदीय क्षेत्र लुधियाना की रहनुमाई कर रहे सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने सूबे की आप सरकार द्वारा पंचायती जमीनों से कब्जे छुड़ाने की मुहिम को सराहनीय बताया तो ट्रोल भी हुए। लोगों ने तंज कसा कि कांग्रेस राज में क्यों चुप रहे। खैर, अब कांग्रेस राज में ही पंजाब सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन बने गेजाराम वाल्मीकि ने सबको मालूम एक बड़ा 'सच' बोल डाला। उन्होंने नगर निगम और कौंसिलों में होने वाले भ्रष्टाचार की पोल खोली। उनकी बेबाकी भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद ही देखने को मिली। यह बात दीगर है कि खिसियाने वाले अंदाज के कुछ जिम्मेदार विपक्षी नेता आप सरकार के अल्प-कार्यकाल में हुई अच्छी पहल पर भी उल्टे-सीधे बयान देकर राजनीतिक-मर्यादा के विपरित बयानवीर होने का परिचय देने से बाज नहीं आ रहे हैं। हकीकत में होने यह चाहिए कि गंभीर-मर्यादित राजनीति के तहत जनहित में सियासत से ऊपर उठकर सच को सच और गलत को बेशक गलत कहने की हिम्मत रखनी चाहिए। लोकतंत्र का भी यही तकाजा है कि जनता द्वारा चुने गए जन प्रतिनिधियों और नकारे गए विपक्षियों के बीच जवाबदेही जरुर हो, लेकिन जनहित सर्वोपरि रहें।




संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

## खबर जरा हटके

# टी-शर्ट को इन तरीकों से बनाएं स्टाइल




**डेनिम जींस के साथ**

फैशन स्टाइलिस्ट बताते हैं कि यह जींस को पेयर करने का एक क्लासी तरीका है। यह स्टाइल कभी भी चलन से बाहर नहीं होता। आप प्रिंटेड टी-शर्ट को डेनिम जींस के साथ पेयर कर सकती हैं। अगर आप स्टीट लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो ऐसे में रिप्ड जींस को भी इसके साथ स्टाइल किया जा सकता है।


**प्लीटेड स्कर्ट के साथ**

इन दिनों स्कर्ट में प्लीटेड लुक को काफी पसंद किया जा रहा है। आप थ्री-फोर्थ प्लीटेड स्कर्ट के साथ टी-शर्ट को बेहद आसानी से पेयर कर सकती हैं। अगर आप स्लीवलेस टी-शर्ट पहनती हैं तो यह काफी हद तक टॉप जैसा लुक देगा।

**पैंट-सूट के साथ**

इन दिनों लड़कियां पैंट-सूट पहनना भी काफी पसंद कर रही हैं। फैशन एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आप पैंट सूट को किसी पार्टी में पहन रही हैं और इसलिए उससे एक सेमी फॉर्मल लुक चाहती हैं तो ऐसे में आप पैंट सूट के साथ शर्ट की जगह टी-शर्ट की लेयरिंग करें।

## आज का विचार




## कार्टून-कोना, राज-नीति







# बिलावल भुट्टो के विदेश मंत्री बनने से पाक राजनयिकों के बीच मायूसी का माहौल

पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर अली भुट्टो के बेटे बिलावल भुट्टो-जरदारी पाकिस्तान के अब तक के सबसे युवा विदेश मंत्री बन गये हैं। लेकिन पाकिस्तान के राजनयिकों और विदेश मामलों के विशेषज्ञों को भय है कि कहीं अनुभवहीन बिलावल भुट्टो पाकिस्तान की बची खुची अंतरराष्ट्रीय साख भी खत्म ना कर दें। हम आपको बता दें कि पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के 33 वर्षीय बेटे बिलावल ने इमरान खान सरकार में विदेश मंत्री रहे शाह महमूद कुरैशी का स्थान लिया है। बिलावल की महिला मित्र माने जाने वालीं हिना रब्बानी खार विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाई गयी हैं। पहले से ही माना जा रहा था कि विदेश मंत्रालय पर बिलावल की नजर है लेकिन कुछ मुद्दे हल होना बाकी रह गये थे इसलिए बिलावल ने अपनी खास माने जाने वाली नेता हिना रब्बानी खार को विदेश मंत्रालय में राज्यमंत्री पद दिलवा दिया और कैबिनेट मंत्री पद रिक्त रखवा कर खुद लंदन चले गये नवाज शरीफ से मुलाकात करने। वहां से आश्वासन पाकर बिलावल इस्लामाबाद लौटे और मंत्री पद की शपथ ली। खास बात यह है कि शाहबाज शरीफ के मंत्रिमंडल को शपथ दिलाने से पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने इंकार कर दिया था लेकिन बिलावल को शपथ दिलाने के लिए वह राजी हो गये थे। बिलावल पाकिस्तान की तीन बार प्रधानमंत्री रहीं दिवंगत बेनजीर भुट्टो के पुत्र हैं। पहले से ही माना जा रहा था कि बिलावल ही अपनी मां के राजनीतिक उत्तराधिकारी होंगे लेकिन बेनजीर की हत्या के बाद उपजी




परिस्थितियों में पहले बेनजीर के पति आसिफ अली जरदारी ने पार्टी और देश की कमान संभाली और फिर खुद विदेश में बसकर अपने बेटे को अगो कर दिया। उल्लेखनीय है कि बेनजीर भुट्टो की 2007 में रावलपिंडी में एक राजनीतिक रैली में बम और गोलियों के हमले में मौत हो गई थी। बेनजीर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो की बेटी थीं। जुल्फिकार अली को जनरल जियाउल हक ने 1977 में सत्ता से हटा कर मार्शल लॉ लागू कर दिया था। जुल्फिकार अली भुट्टो के खिलाफ हत्या के मामले में साजिश का मुकदमा चला और 1979 में उन्हें फांसी दे दी गई। हम आपको बता दें कि जुल्फिकार अली भुट्टो के चार बच्चों में से तीन (बेनजीर सहित) की हिंसक घटना में मौत हुई है। इससे पता चलता है कि पाकिस्तान के हालात शुरू से कैसे रहे हैं। इसे संयोग भी कहा जा सकता है कि जुल्फिकार अली भुट्टो ने भी 1960 के दशक में देश के विदेश मंत्री के रूप में अपने कॅरियर की शुरुआत की थी और उनके नाती ने भी वहीं से शुरुआत की है। देखा जाये तो पाकिस्तान की सरकार में इतनी कम उम्र के किसी व्यक्ति को पहली बार कोई महत्वपूर्ण मंत्रालय दिया गया है। बिलावल वैसे तो पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं लेकिन वह पाकिस्तान नेशनल असेंबली के लिए पहली बार 2018 में निर्वाचित हुए थे। बिलावल ऐसे वक्त में विदेश मंत्री बने हैं जब पाकिस्तान को बेहद नाजुक हालात से गुजरते हुए विदेश नीति को संतुलित बनाकर आगे बढ़ने की जरूरत है। विदेश मंत्री के रूप में बिलावल को जिन मुख्य चुनौतियों से निपटना होगा उनमें पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा लगाए गए आरोपों की पृष्ठभूमि में अमेरिका से तनावपूर्ण हुए संबंधों को सुधारना और पड़ोसी देश भारत के साथ शांति प्रक्रिया फिर से शुरू करने का रास्ता तलाशना शामिल है।

लेकिन बिलावल ने पाकिस्तान में अब तक जितनी भी राजनीति की है वह विदेश में रहते हुए ही की है। उनकी परवरिश जिस माहौल में हुई है उसके चलते जनता की दिक्कतों से उनका सीधा वास्ता नहीं है। अपनी मां या नाना की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए वह कदम तो बढ़ा चुके हैं लेकिन उनकी तरह वह जमीनी नेता नहीं हैं। संभ्रांत लोगों से घिरे रहने वाले बिलावल ने अपने लिये विदेश मंत्रालय भी इसीलिए लिया क्योंकि वह जमीनी राजनीति करने से बचते हैं। बिलावल की चाह है कि विदेशों में वह आलीशान जीवन ही बिताएं। ऐसे में पाकिस्तानी विदेश मामलों के विशेषज्ञों को अब भय है कि उनकी अब तक की मेहनत पर कहीं बिलावल का अनुभवहीन होना पानी ना फेर दे। इस समय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान अलग-थलग पड़ा हुआ है और कहीं से कोई आर्थिक मदद नहीं मिल रही।

साथ ही वह अंतरराष्ट्रीय संगठनों की ओर से काली सूची में भी डाल दिया गया है। इन सबका हल बिलावल निकाल पाएंगे या स्थितियां और बिगड़ेंगी, इसको लेकर पाकिस्तान में कयासबाजी का दौर जारी है। जहां तक हिना रब्बानी खार की बात है तो वह पहले भी विदेश राज्य मंत्री रह चुकी हैं लेकिन इस पद पर वह कुछ ही समय टिक पाई थीं। दूसरी ओर, देखा जाये तो पाकिस्तान की परिवारवादी राजनीति में अगली पीढ़ी ने सत्ता संभालना शुरू कर दिया है। बिलावल भुट्टो पाकिस्तान की नई सरकार में विदेश मंत्री बने हैं तो पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम औरंगजेब सूचना मंत्री बनी हैं। पाकिस्तान में शाहबाज शरीफ की सरकार में परिवारवाद हर जगह हावी दिख रहा है। सभी बड़े नेताओं के बेटे-बेटियों को सरकार में कहीं ना कहीं समायोजित किया गया है। देखना होगा कि यह सरकार क्या नेशनल असेम्बली का शेष कार्यकाल पूरा कर पाती है या फिर मध्यावधि चुनावों का सामना पाकिस्तान को करना पड़ता है।

# ये हैं अजमेर में घूमने की खूबसूरत जगहें

राजस्थान में अरावली पर्वतमाला से घिरा हुआ अजमेर शहर एक बहुत लोकप्रिय पर्यटक स्थल है। यह शहर सूफी संत मोइउद्दिन चिश्ती की दरगाह के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। अजमेर शहर को पहले 'अजयमेरु' के नाम से जाना जाता था। यह शहर अपनी विशिष्ट वास्तुकला और संस्कृति के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। अजमेर में कई प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हैं जो देश-विदेश में बहुत प्रसिद्ध हैं। इस शहर में आपको पारंपरिक राजस्थानी रंग-ढंग देखने को मिलते हैं। आज के इस लेख में हम आपको अजमेर शहर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के बारे में बताने जा रहे हैं -



**अजमेर शरीफ़**

अजमेर में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह यहाँ के सबसे प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। इस दरगाह में हर धर्म-जाति के लोग मत्था टेकने के लिए आते हैं। कहा जाता है कि मुगल बादशाह अकबर आगरा से 437 किमी। पैदल चलकर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर बेटा होने की दुआ माँगने आए थे। आज के समय में देश-विदेश से लोग दरगाह पर आकर मन्नत मांगते हैं और मन्नत पुअर होने के बाद चादर चढ़ाते हैं।

**आना सागर झील**

अजमेर में आप आना सागर झील देख सकते हैं। यह एक बेहद खूबसूरत कृत्रिम झील है जो यहाँ आने वाले पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। इस झील का निर्माण पृथ्वीराज चौहान के पिता आणाजी चौहान ने करवाया था। आणाजी से नाम पर ही इस झील का नाम आना सागर पड़ा। इस झील के आसपास की जगह भी बेहद खूबसूरत है। यहाँ का दौलत बाग देखने में बहुत खूबसूरत है, जिसका निर्माण जहांगीर ने करवाया था। इस झील में आप नौका विहार का आनंद ले सकते हैं।

**पुष्कर सरोवर**

अजमेर स्थित पुष्कर झील देशभर में बहुत मशहूर है। यह सरोवर हिन्दू धर्म के लोगों के लिए आस्था का एक बड़ा केंद्र है। भारत के पांच पवित्र सरोवरों में पुष्कर झील भी शामिल है। कुछ विशेष अवसरों पर यहां श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए आते हैं। अजमेर आए पर्यटक पुष्कर सरोवर घूमने जरूर आते हैं। यहां आप ऊंट सवारी का आनंद ले सकते हैं।

**अढ़ाई दिन का झोपड़ा**

अजमेर में स्थित अढ़ाई दिन का झोपड़ा एक ऐतिहासिक मस्जिद है। इस मस्जिद का निर्माण 1192 में मोहम्मद ग़ोरी के निर्देश पर कुतुब-उद-दीन ऐबक द्वारा करवाया गया था। इस मस्जिद में ढ़ाई दिन का उत्सव चलता है जिसकी वजह से इस मस्जिद को यह नाम दिया गया है। इस मस्जिद के निर्माण में खूबसूरत वास्तुकला का इस्तेमाल देखने को मिलता है। दूर-दूर से लोग इस मस्जिद में मत्था टेकने आते हैं।

**तारागढ़ किला**

तारागढ़ किला, अजमेर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में से एक है। इस किले का निर्माण सन 1354 में किया गया था और यह राजस्थान के सबसे प्रसिद्ध प्राचीन संरचनाओं में से एक है। यह किला पर्यटकों के लिए राजस्थानी वास्तुकला का एक शानदार और उत्कृष्ट उदाहरण पेश करता है।

**सोनी जी की नसियां**

अजमेर में स्थित सोनी जी की नसियां एक प्रसिद्ध जैन मंदिर हैं। इसे लाल मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। यह मंदिर जैन धर्म के पहले तीर्थंकर को समर्पित हैं।

# इंडिया की नई रन मशीन बन सकते हैं नेहल वढेरा

## 66 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, 578 रन की पारी में ठोके 42 चौके और 37 छक्के

लुधियाना / यूटर्न: पंजाब ने कई खिलाड़ी भारत को दिए हैं, जिनका नाम पूरी दुनिया में चर्चा में रहता है। युवराज सिंह, हरभजन सिंह, नवजोत सिंह सिद्धू, यशपाल शर्मा, योगराज सिंह आदि कई नाम चर्चित हैं। इस सूची में अब एक और नाम जुड़ गया है और यह नाम है लुधियाना का नेहल वढेरा, जो क्रिकेट की दुनिया रन मशीन बनकर उभरे हैं।

नेहल वढेरा ने अंडर-23 टूर्नामेंट में 578 रन की पारी खेलकर 66 वर्ष पुराना चमन लाल का रिकॉर्ड तोड़ा है। 4 दिवसीय सेमी फाइनल टूर्नामेंट अंडर-23 बठिंडा के साथ हंबड़ा रोड नजदीक जीआरडी क्रिकेट मैदान में 28 अप्रैल को खेला गया। इस मैच में नेहल ने 414 गेंदों में 578 रन बनाए। उन्होंने 37 छक्के और 42 चौके लगाए। नेहल की इस हिमालय पारी के दम पर



लुधियाना ने 4 दिवसीय मैच के दूसरे दिन 6 विकेट पर 880 रन बनाकर अपनी पारी घोषित की। जवाब में, बठिंडा ने दिन का खेल खत्म होने के समय तक 4 विकेट पर 117 रन बनाए थे।

नेहल वढेरा ने इसके साथ ही राज्य आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में सर्वाधिक स्कोर बनाने का 66 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। नेहल से पहले यह रिकॉर्ड पंजाब के पूर्व क्रिकेटर चमन लाल मल्होत्रा के नाम था। इसके लिए नेहल ने विश्व स्तर पर 3 नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट में सर्वकालिक सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोरर की सूची में भी जगह बनाई। नेहल ने सबसे तेज 200, सबसे तेज 300, सबसे तेज 400 और सबसे तेज 500 रन भी बनाए हैं। हालांकि यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं है, फिर भी यह एक महान उपलब्धि है।

### लाखों में पहचान बनानी है तो कुछ अलग करना होगा

नेहल का कहना है कि कहा कि देशभर में लाखों क्रिकेट के खिलाड़ी हैं। अब लाखों में पहचान बनानी है तो कुछ अलग करना पड़ेगा। मेरी बचपन से क्रिकेट में दिलचस्पी रही है। शरीर की फिटनेस और स्पोर्टस में मेहनत ज्यादा करता हूं। परिवार ने पूरा साथ दिया है, जिस कारण आज खेल रहा हूं। पढ़ाई पर भी पूरा फोक्स करता हूं। अभी बीए फाइनल सरकारी कॉलेज से कर रहा हूं। मेरा सपना है, आईपीएल और सीनियर टीम इंडिया तक पहुंचना।

### युवराज सिंह के फैन हैं नेहल वढेरा

नेहल ने बताया कि वह बचपन से ही युवराज सिंह के बहुत बड़ा फैन हैं। युवराज सिंह के प्रत्येक मैच को उसने देखा है। युवराज सिंह की बल्लेबाजी देखकर उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। युवराज सिंह से प्रेरित होकर ही वह क्रिकेट मैच में तेज खेलना सिख रहे हैं। वहीं उनके कोच और बाकी खिलाड़ी भी उन्हें पूरा सहयोग देते हैं।



## पवन सिंह के तलाक होने पर अक्षरा ने मारा ताना

भोजपुरी के सुपरस्टार पवन सिंह के तलाक की खबर आग की तरह फैल गई। लोग ये सुनकर काफी शॉक्ड हुए कि पवन सिंह अपनी दूसरी पत्नी ज्योति सिंह से तलाक लेने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटा चुके हैं। इसी बीच पवन सिंह की एक्स गर्लफ्रेंड एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इशारों-इशारों में उन्हें ताना मारते हुए ये सब कर्मों का फल बताया है। पवन ने अपनी दूसरी पत्नी को तलाक देने के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल दी है इसी बीच अक्षरा ने अपना एक ऐसा नया गाना रिलीज किया है, जिसका कनेक्शन लोग सीधे पावर सिंह से जोड़ रहे हैं। भोजपुरी सिनेमा की खूबसूरत एक्ट्रेस अक्षरा सिंह अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो पोस्ट शेयर किए हैं। जिसमें से एक है, उनके नए सॉन्ग 'अब किसका घर जलाओगे' के रिलीज से जुड़ा। गाने के शुरुआती बोल हैं, 'हमको तो रुला ही चुके कितनों को रुलाओगे..बोलो अब किसका घर जलाओगे' वीडियो में अक्षरा काफी ग्लैमरस लुक में काफी अपसेट नजर आती हैं।



## फिल्म सेल्फी में नजर आयेंगी नुसरत भरुचा

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार को अपने बिंदास अंदाज और खुल कर बोलने के लिए जाना जाता है। अक्षय के इसी बिंदास अंदाज की वजह से एक्ट्रेस नुसरत भरूचा कैमरे के सामने ऐसे आई कि हर कोई अब इसकी चर्चा कर रहा है। नुसरत और अक्षय कुमार अपनी आने वाली फिल्म 'सेल्फी' को लेकर काफी एक्साइटेड हैं, दोनों इस फिल्म की तैयारियों में लगे हैं। इस बीच एक वीडियो सामने आया है जिसमें इस बात का खुलासा होता दिख रहा है कि कैसे सेलेब्स सोशल मीडिया पर कुछ और नजर आते हैं और असल जीवन में कुछ और होते हैं। वायरल हो रहे इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस नुसरत भरूचा फ्लाइट में बैठी, खूब मजे लेकर हाथों से खाना खा रही हैं। इसी दौरान अक्षय कुमार वहां पहुंच जाते हैं और कहते हैं कि नुसरत चल एक सेल्फी लेते हैं। इतना सुन नुसरत बिल्कुल तैयार हो जाती हैं और अपने हाथों को पोंछने लगती हैं। वह चम्मच लेकर प्लेट से खाने लगती है और कैमरे को देखकर स्टाइलिश पोज करती हैं। इस पर अक्षय उनसे कहते हैं 'हाथ से खा न फोर्क से क्यों खा रही है?' इस पर एक्ट्रेस इशारे में कैमरे की ओर देख कर कहती हैं सेल्फी। इंस्टाग्राम पर शेयर हुआ ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इसे कैप्शन देते हुए लिखा गया है, इंस्टाग्राम वर्सेस रियालिटी। इस वीडियो पर कमेंट करते हुए यूजर्स भी कह रहे हैं कि हां यह सच्चाई तो है, सेलेब्स इंस्टाग्राम पर जो नजर आते हैं असल में बिल्कुल अलग हैं।

बता दें कि अक्षय और नुसरत एक साथ रामसेतु और सेल्फी मूवी में नजर आने वाले हैं। राम सेतु की शूटिंग पूरी हो गई है जबकि सेल्फी की शूटिंग जारी है। फिल्म में इमरान हाशमी और डायना पेंटी भी नजर आएंगे, सेल्फी को 2019 मलयालम कॉमेडी 'ड्राइविंग लाइसेंस' की रीमेक बताया जा रहा है।



## सोहा ने किया क्लासिकल डांस

ननद भाभी की जोड़ी बाकी सभी रिश्तों से अलग होती है। कुछ ऐसा ही खास रिश्ता आलिया भट्ट और रिद्धिमा कपूर का इन दिनों देखने को मिला। वहीं आए दिनों सोहा अली खान और करीना कपूर को भी इसी खास ट्यूनिंग में देखा जाता है। करीना और सोहा दोनों ही सोशल मीडिया पर अपने खास अंदाज के लिए जानी जाती हैं, लेकिन हाल ही में सोहा अली खान ने एक डांस वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है की वे 'भोर भए पनघट' गाने के रीमेक सॉन्ग पर डांस करती दिखाई दे रही हैं। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर बेहद पसंद किया गया। सोहा अली खान ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वे क्लासिकल डांस करती दिखाई दे रही है। सोहा ने नीले रंग का फ्रांक सूट पहना है। वे 'भोर भए पनघट' के रीमेक सॉन्ग पर डांस करती दिखाई दे रही हैं। उनके डांस मूव्स काफी शार्प हैं। उनका ये वीडियो आते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। इस वीडियो को देख फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं एक फैन ने लिखा- क्या ग्रेस है, तो दूसरे ने लिखा बहुत खूब। आपको बता दें की सोहा अली खान ने इंडस्ट्री में फिल्म 'दिल मांगे मोर' से शुरुआत की थी, लेकिन लोगों ने उन्हें 'रंग दे बसंती' फिल्म में काफी पसंद किया था। इसके अलावा वे 'खोया-खोया चांद' और फिल्म '99' में भी दिखाई दी थीं। वहीं हाल ही में उनकी फिल्म 'कौन बनेगा शिखरवती' में नजर आई थीं।



## सुजैन खान ने दिये बोल्ड पोज

सुजैन खान ने इंस्टाग्राम पर एक बोल्ड सेल्फी शेयर की है। उन्होंने मिरर सेल्फी ली है। तस्वीरों में वह काफी खूबसूरत और हॉट लग रही हैं। उन्होंने फ्लोरल प्रिंटेड ब्लैक कलर का क्रॉप टॉप और ब्लैक कलर की थाई हाई शॉर्ट ड्रेस पहन रखी है। उन्होंने लिपस्टिक लगा रखी है और हाई हील्स भी पहन रखी है। वह कैमरे की ओर देखते हुए दिलकश अंदाज में बोल्ड पोज दे रही हैं। सुजैन खान ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, 'हाई हिल्स और लाल लिपस्टिक की ताकत को कभी भी कम करके नहीं आंकना चाहिए।' उनकी तस्वीर इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है। इसे 19 घंटे में 10,000 से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। वहीं इस पर 200 के करीब कमेंट किए जा चुके हैं। कई लोगों ने आग और दिल की इमोजी शेयर की है। क फैन ने लिखा है, 'आपका दिल बहुत अच्छा है।' वहीं एक ने लिखा है, 'आप बहुत खूबसूरत लग रही हैं।' एक फैन ने लिखा है, 'हॉट, सेक्सी, गॉर्जियसली।' वहीं एक ने लिखा है, 'वेरी ब्यूटीफुल।' एक फैन ने लिखा है, 'मेरे पास शब्द नहीं है।'

खुद बोलती तस्वीर



प्रोफेशनल आर्टिस्ट रितु कुमार अपनी शानदार पेंटिंग के साथ...

# 16 राज्यों में 10 की घंटे बिजली कटौती

## कोयला सप्लाई बढ़ाने के लिए 42 ट्रेनें कैंसिल

नई दिल्ली / यूटर्नः भीषण गर्मी के चलते देशभर में बिजली की मांग बढ़ती जा रही है। ऐसे में देश के एक चौथाई पावर प्लांट बंद हैं। नतीजा, 16 राज्यों में 10 घंटे तक के बिजली कटौती शुरू हो गई है। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक, देशभर में 10 हजार मेगावॉट, यानी 15 करोड़ यूनिट की कटौती हो रही है, लेकिन बिजली की कमी वास्तव में कहीं ज्यादा है। इस बीच रेल मंत्रालय ने बड़ा कदम उठाया है। रेलवे ने पावर प्लांट्स तक कोयले की तेजी से सप्लाई के लिए कुल 42 ट्रेनों को अनिश्चित काल के लिए कैंसिल कर दिया है, ताकि कोयला ले जा रही मालगाड़ियां समय पर निर्धारित स्टेशनों पर पहुंच सकें। भारतीय रेलवे के कार्यकारी निदेशक गौरव कृष्ण बंसल के मुताबिक पैसेंजर ट्रेनों को रद्द करने का फैसला अस्थायी है। स्थिति सामान्य होते ही सेवाएं वापस शुरू कर दी जाएंगी। इस फैसले के बाद रेलवे अपने बेड़े में एक लाख और वैगन जोड़ने जा रहा है। इसके अलावा रेलवे माल को तेजी से पहुंचाने के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर्स भी बना रहा है। अस्थायी रूप से रद्द की गई 42 ट्रेनों में लंबी दूरी की मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के 670 फेरे शामिल हैं। इसके साथ ही रेलवे ने कोल रैक्स की एवरेज



डेली लोडिंग भी 400 से ज्यादा कर दी है। यह आंकड़ा पिछले 5 साल में सबसे ज्यादा है। रेलवे प्रति दिन 415 कोल रैक्स की ढुलाई कर रहा है, ताकि कोयले की मौजूदा मांग को पूरा किया जा सके।

इनमें से हर एक कोल रैक में 3500 टन कोयला होता है। वहीं, बिजली कटौती का असर अब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी होने लगा है। कोयले की कमी के गहराते संकट के बीच दिल्ली सरकार ने मेट्रो और अस्पतालों समेत कई आवश्यक संस्थानों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति में असमर्थता जताई है। दिल्ली के बिजली मंत्री सत्येंद्र जैन ने स्थिति का आकलन करने के लिए गुरुवार को एक आपातकालीन बैठक की। साथ ही केंद्र को पत्र लिखा और अनुरोध किया कि वह राष्ट्रीय राजधानी को बिजली की आपूर्ति करने वाले बिजली संयंत्रों को पर्याप्त कोयले की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जैन ने बताया कि राजधानी के प्लांट्स में एक दिन का ही स्टॉक बचा हुआ है। दादरी-2 और ऊंचाहार बिजली स्टेशनों से बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है। वर्तमान में दिल्ली में बिजली की 25-30% मांग इन बिजली स्टेशनों से ही पूरी की जा रही है। इन स्टेशनों में पिछले कुछ दिनों से कोयले की कमी है। ऐसे में समस्या कभी भी गहरा सकती है। NTPC ने कहा दादरी की सभी 6 और ऊंचाहार की 5 यूनिट्स पूरी क्षमता से चल रही हैं और वहां नियमित कोयला आपूर्ति हो रही है। मौजूदा स्टॉक क्रमशः 140000 मीट्रिक टन और 95,000 मीट्रिक टन है और आयात कोयले की आपूर्ति भी पाइपलाइन में है।

# भाई महिंदा राजपक्षे को प्रधानमंत्री पद से हटाने के लिए हुए सहमत, प्रदर्शन हो सकता है समाप्त

कोलंबो। लंबे समय से चल रहे खराब आर्थिक संकट के बीच श्रीलंकाई राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे अपने भाई महिंदा राजपक्षे को प्रधानमंत्री पद से हटाने के लिए सहमत हो गए हैं। समाचार एजेंसी एपी ने इसकी जानकारी दी है। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति और मौजूदा सांसद मैत्रीपाला सिरीसेना ने राष्ट्रपति के साथ बैठक के बाद कहा कि गोटबाया राजपक्षे इस बात पर सहमत हुए हैं कि एक नए प्रधानमंत्री के नाम से एक राष्ट्रीय परिषद नियुक्त की जाएगी और मंत्रिमंडल में सभी राजनीतिक दलों के सांसद शामिल होंगे। सिरीसेना, राजपक्षे से पहले राष्ट्रपति थे। वह इस महीने की शुरूआत में करीब 40



अन्य सांसदों के साथ दलबदल करने से पहले सत्तारूढ़ दल के सांसद थे। श्रीलंका दिवालिया होने के कगार पर पहुंच गया है और इस द्वीपीय देश ने घोषणा की है कि वह अपने विदेशी ऋण की अदायगी स्थगित कर रहा है। उसे इस साल विदेशी रिण के रूप में सात अरब डॉलर, और 2026 तक 25 अरब डॉलर अदा करना है। उसका विदेशी मुद्रा भंडार घट कर एक अरब डॉलर से भी कम रह गया है। विदेशी मुद्रा की कमी ने आयात को बुरी तरह से प्रभावित किया है, लोगों को खाने-पीने की चीजें, ईंधन, रसोई गैस और दवा के लिए घंटों कतार में इंतजार करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे सहित गोटाबाया और उनके परिवार का पिछले 20 वर्षों से श्रीलंका के लगभग हर क्षेत्र में वर्चस्व रहा है। मार्च से सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मौजूदा संकट के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, आर्थिक संकट में फंसने के बाद श्रीलंका में तकरीबन महीने भर से सरकार विरोधी जन आंदोलन चल रहा है। आंदोलनकारी राजपक्षे परिवार से सत्ता छोड़ने की मांग कर रहे हैं।

# हर कारोबार का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदानः पीएम मोदी

नई दिल्ली / यूटर्नः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के सूरत में ग्लोबल पाटीदार बिजनेस समिट (जीपीबीएस) का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का आयोजन सरदारधाम द्वारा आयोजित किया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत के पास इतना कुछ है। हमें बस अपने आत्मविश्वास को, आत्मनिर्भरता के अपने जज्बे को मज़बूत करना है। ये आत्मविश्वास तभी आएगा जब विकास में सबकी भागीदारी होगा, सबका प्रयास लगेगा। उन्होंने आगे कहा कि देश को जब आजादी मिली थी तब सरदार साहब ने जो कहा था कि भारत में संपदा की कोई कमी नहीं है। हमें बस अपने दिमाग और संसाधनों को इनके सदुपयोग के लिए लगाना होगा। आजादी के मुकाबले में आने वाले 25 वर्षों के



लिए जब हम संकल्प के लिए निकले हैं तो हमें सरदार साहब के इन शब्दों को कभी भूलना नहीं चाहिए। मोदी ने कहा, 'अपनी नीतियों, अपने एक्शन के माध्यम से सरकार का ये निरंतर प्रयास है कि देश में ऐसा माहौल बने कि सामान्य से सामान्य परिवार का युवा भी उद्यमी बने, उसके लिए के सपने देखे, उद्यमिता पर गर्व करे। आधुनिक कनेक्विटी के इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, नए शहरों के निर्माण, पुराने शहरों में स्मार्ट सुविधाएं विकसित करने, पुराने नियमों-कायदों से देश को मुक्त करने और इनोवेशन व आइडिया की हैंड-हॉल्डिंग, ऐसे सभी कामों पर एकसाथ काम किया जा रहा है। मुद्रा योजना आज देश के उन लोगों को अपना बिजनेस करने का हौसला दे रही है जो कभी इसके बारे में सोचते भी नहीं थे।

# दरोगा ने केस रफा-दफा कराने आई महिला से कराई तेल मालिश, सस्पेंड

सहरसा / यूटर्नः बिहार के सहरसा से एक दरोगा का थाने में बॉडी मसाज करवाते वीडियो सामने आया है। वह बिना कपड़ों के बैठा है और एक महिला उसकी मालिश कर रही है। दूसरी महिला उसके सामने कुर्सी पर बैठी हुई है। दरोगा मसाज कराते-कराते किसी से फोन पर बात कर रहा है। महिला की मदद करने का भरोसा दे रहा है। इस दौरान कमरे में एक रस्सी पर उसकी वर्दी भी टंगी दिख रही है। दरोगा का नाम शशि भूषण सिन्हा है। वह नवहट्टा थाने में पदस्थ था। वीडियो सामने आने के बाद गुरुवार को एसपी ने उसे सस्पेंड कर दिया। सूत्रों के



अनुसार यह वीडियो करीब 2 महीने पहले का है। वीडियो में दिख रही महिला बकुनियां की देवकला देवी हैं। कुछ महीने पहले देवकला देवी का भाई बकुनियां आया था। जहां किसी युवती के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया था। इसके बाद उसके खिलाफ डरहार चौकी में आवेदन दिया गया था। उसी केस को रफा-दफा कराने के लिए महिला दरोगा के पास गई थी। दैनिक भास्कर ने शशि भूषण सिन्हा के मोबाइल पर कई बार संपर्क करने की कोशिश की।

# रातों रात अमीर होने की चाहत ने ली 12 महिलाओं की जान

मेदान। इंसान के अमीर बनने की चाहत कभी खत्म नहीं होती है, भले ही इसके लिए उसको अपनी जान देकर ही कीमत क्यों न चुकानी पड़े। इसके लिए इंसान कोई भी खतरा उठाने को तैयार रहता है। महिलाओं की बात चली है तो गोल्ड या सोना हमेशा से ही महिलाओं को अपनी तरफ आर्कषित करता रहा है। इसी आर्कषण और जल्दी से अमीर बनने की चाहत में शुक्रवार को इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप के मेंडेलिंग नेताल जिले में स्थित एक छोटे से गांव में मौजूद एक गैरकानूनी गोल्ड माइंस ने यहां की करीब 12 औरतों की जान ले ली। स्थानीय पुलिस चीफ राजागुकगुक के मुताबिक माइंस में हुए लैंडस्लाइड की चपेट में आने वाली दो महिलाओं के घायल होने की खबर है। उनका कहना है कि ये खदान अवैध है और जिस वक्त यहां पर ये हादसा हुआ उस वक्त ये महिलाएं खदान के मुहाने पर बने करीब दो मीटर गहरे गड्ढे में उतर रही थीं।

# मोदी राज में सबसे कम 30 फीसदी हुई वृद्धिः हरदीप पुरी

नई दिल्ली / यूटर्नः पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि मोदी काल में ईंधन की कीमतों में वृद्धि सबसे कम 30 फीसदी हुई है 80 फीसदी नहीं, जबकि मूल वेतन में दशकों से लगातार बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही सरकार विभिन्न श्रेणियों के तहत लोगों को मुफ्त योजनाएं दे रही है। पुरी ने कहा कि हम अभी भी महामारी से उबर नहीं पाए हैं। अभी भी 80 करोड़ लोगों को भोजन दे रहे हैं और टीके लगा रहे हैं। यूक्रेन में सैन्य कार्रवाई हुई जिससे तेल की कीमतें 19.56 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 130 डॉलर हो गई। केंद्र ने पेट्रोल-डीजल पर 32 रुपये



उत्पाद शुल्क लगाया, दिवाली से पहले हमने इसे घटाया और दरें कम हुई थीं। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि पीएम लगातार प्रयासरत रहे हैं, उन्होंने आजीविका के मुद्दे से संबंधित सहकारी संघवाद की सर्वोत्तम भावना दिखाई है। बोझ का बंटवारा समान नहीं होना चाहिए, केंद्र ने ईंधन क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारी संभाली है। राज्यों को भी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma